मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-419
04/09/2025

# मुख्यमंत्री ने सारण जिला के छपरा में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 1203.81 करोड़ रुपये लागत की 27 योजनाओं का किया शिलान्यास

- पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ किया संवाद।

पटना, 04 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज छपरा के रतनपुर बिन टोलिया स्थित कार्यक्रम स्थल से सारण जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 1203.81 करोड़ रुपये लागत की 27 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 545 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से 400/220/132 के0बी0 ग्रिड उपकेंद्र, छपरा एवं 132 के0बी0 के संचरण लाइन का निर्माण कार्य, 60 करोड़ 1 लाख रुपये लागत की एच0टी0एल0एस0 द्वारा रिकन्डक्टरिंग का कार्य, 93 करोड़ 62 लाख रुपये लागत की एकमा–मशरख पथ का चौड़ीकरण कार्य एवं 41 करोड़ 66 लाख रुपये लागत की एकमा से डुमाइगढ़ तक पथ का चौड़ीकरण कार्य शामिल है। इसके अलावा इसके अंतर्गत 89 करोड़ 95 लाख रुपये लागत की एन0एच0 19 के छूटे हुए छपरा सेक्शन पथ का चौड़ीकरण कार्य, 40 करोड़ 53 लाख रुपये लागत की खैरा बिन टोलिया पथ का चौड़ीकरण कार्य तथा 7 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से एकमा ग्रिड उपकेंद्र, शीतलपुर ग्रिड उपकेंद्र एवं मशरख ग्रिड उपकेंद्र में कुल 5 अदद 33 के0बी0 लाइन 'बे' के निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री ने विकासात्मक योजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने से ठीक पहले छपरा के जगदम कॉलेज से खैरा बिन टोलिया तक किये जा रहे सड़क के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण होने से छपरा में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। बिन टोलिया के पास बन रहे नए बस स्टैंड से रोड कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रतनपुर बिन टोलिया स्थित कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया है। इससे सभी लोग खुश हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री करने से उनलोगों को बहुत फायदा हो रहा है। बचत राशि का उपयोग अन्य विकास कार्यों में कर रहे हैं। जीविका दीदियों ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सारण जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। महिलाओं के उत्थान की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जीविका दीदियों ने प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। जीविका दीदियों ने कहा कि मात्र 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक से लोन मिल रहा है इसके लिए हम सब मुख्यमंत्री भैया को बहुत–बहुत धन्यवाद देते है। इस दौरान

ममता बहनों ने प्रोत्साहन राशि में दो गुणा बढ़ोतरी किये जाने पर तथा आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि 3 गुणा वृद्धि किये जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कलाकारों ने मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के तहत 3 हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन की राशि दिये जाने तथा गृह रक्षकों ने दैनिक भत्ता में वृद्धि किये जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

जीविका दीदियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जब हमलोगों की सरकार बनी उस समय यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या न के बराबर थी। हमलोगों ने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या को बढ़ाना शुरू किया। आप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया और आप सब जीविका दीदियां कहलाती हैं। हमलोगों के इस काम से प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने इस योजना को पूरे देश में आजीविका नाम से लागू किया। आप सभी बुलंदी के साथ रहिए और आगे बढ़िए। सरकार आपलोगों की हरसंभव मदद करेगी।

कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक डॉ0 सी0एन0 गुप्ता, विधान पार्षद श्री वीरेन्द्र नारायण यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप कुमार आर0 पुडुकलकट्टी, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राहुल कुमार, सारण प्रमंडल के आयुक्त श्री राजीव रौशन, सारण प्रमंडल के पुलिस महानिरीक्षक श्री नीलेश कुमार, सारण के जिलाधिकारी श्री अमन समीर, सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ0 कुमार आशीष सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, बड़ी संख्या में लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

*******